an>

Title: Regarding problems being faced by the people in Balia of Uttar Pradesh due to arsenic content in drinking water.

श्री भरत सिंह (बलिया) : माननीय अध्यक्ष महोदया, हमारा लोक सभा क्षेत्र बलिया गंगा और सरयू नदियों के किनारे बसा हुआ है। इसकी वजह से बलिया के पूरे भू-जल में आर्सेनिक मिला हुआ है। पूरे बलिया के लोग जहरीला आर्सेनिक युक्त जल पीने को मजबूर हैं। हजारों की तादाद में लोग बीमार पड़ते हैं, उनको चर्म रोग होते हैं, कैंसर होता है। यह बात सिद्ध हो गयी है, यह केवल बलिया ही नहीं, पूरे पूर्वांचल की आर्सेनिक की समस्या है। इसलिए मैं आपके माध्यम से सरकार का ध्यान इस ओर आकर्Âिषत करना चाहता हूं। जब से हमारी सरकार बनी है, मैंने कम से कम तीन बार इसी सदन में इस समस्या को आपकी उपस्थिति में उठाया है। इसलिए मेरा निवेदन है कि बलिया में शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराया जाए और बलिया के साथ ही पूर्वांचल में जहां भी लो जहरीला पानी पीने को मजबूर हैं, उनको आर्सेनिक मुक्त शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराया जाए।...(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : यह विÂषय 193 की चर्चा में आ जाएगा।

श्री भरत सिंह : आर्सेनिक मुक्त शुद्ध पेयजल की व्यवस्था कराई जाए। यही मैं निवेदन करूंगा।

माननीय अध्यक्ष :

श्री शरद त्रिपाठी और

कुँवर पषÂपेन्द्र सिंह चन्देल को श्री भरत सिंह द्वारा उठाए गए विष्Âाय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।